भारत सरकार

सूक्ष्म, लघु और मध्य म उद्यम मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 855

उत्तार देने की तारीख : 21.11.2019

एमएसएमई क्षेत्र हेतु ई-कॉमर्स पोर्टल

855. श्री सुनील दत्तात्रेय तटकरेः
श्री कुलदीप राय शर्माः
डॉ. अमोल रामसिंह कोल्हेः
श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुलेः
श्रीमती रंजनबेन भट्टः
डॉ. सुभाष रामराव भामरेः
श्री ए.के.पी. चिनराजः

क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का 'अलीबाबा' और 'अमेजन' जैसी कंपनियों की तर्ज पर ई-कॉमर्स पोर्टल 'भारत क्राफ्ट' लॉन्च करने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस कदम के पीछे उद्देश्य क्या है;

(ग) क्या यह ई-कॉमर्स पोर्टल एमएसएमई को अपने उत्पादों के विपणन और विक्रय के लिए एक मंच प्रदान करेगा जिससे इस क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) आगामी वर्षों में राजस्व-सृजन के संदर्भ में इस पोर्टल की क्षमता का ब्यौरा क्या है;

(ङ) पोर्टल के उपयोग के बाद ऑर्डर की डिलीवरी में कितने दिनों की कटौती की संभावना है; और

(च) सरकार द्वारा इस पोर्टल को बड़ी कंपनियों के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए सक्षम बनाने हेतु क्या अन्य कदम उठाने का विचार है?

उत्तहर

सूक्ष्मक,लघु और मध्यठम उद्यम मंत्री

(श्री नितिन गडकरी)

(क) से (ग) : सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के अंतर्गत सार्वजनिक क्षेत्र के एक उपक्रम राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम के पास पहले से बी2बी एमएसएमई ग्लोबल मार्ट पोर्टल विद्यमान है और इसके अंतर्गत कार्यकलापों को और अधिक सुदृढ़ करने के प्रयास किए गए हैं। पोर्टल की मुख्य विशेषताओं में ऑनलाइन पंजीकरण, वेब स्टोर प्रबंधन, विविध भुगतान विकल्प, कॉल सेंटर के जरिए उपभोक्ता सहयोग तथा सुरक्षा संबंधी वर्धित विशेषताएं शामिल हैं।

(घ) से (च) : पोर्टल से सृजित होने वाला राजस्व पोर्टल की सदस्यता पर निर्भर करेगा।

******